बिहार पशु चिकित्सा संघ

कार्यालय - विद्यापति मार्ग, पटना-800001
डॉ० विनोद कुमार मुक्ता
प्रधान महासचिव
मो० 7488601083
e-Mail : bvapatna@gmail.com

पत्रांक- ....30......... **दिनांक- ....01-04-2020......**

सेवा में,

माननीय मुख्यमंत्री महोदय,
बिहार सरकार, पटना।

विषयः– पशु चिकित्सा कार्य में संलग्न / सहयोग देने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को " कोरोना वॉरियर्स " के तर्ज पर रुपये 50 लाख का स्पेशल इंश्योरंस स्कीम प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक सादर सूचित करना है कि वर्त्तमान समय में बिहार राज्य COVID—19 (कोरोना) वैश्विक महमारी के साथ – साथ बर्ड –फ्लू एवं स्वाइन फीवर की त्रासदी भी झेल रहा है, जो कि Zoonotic Disease होने के कारण पशुओं से मनुष्यों में फैलने की आशंका हमेशा बनी रहती है। इससे निपटने के लिए पशुचिकित्सकों की टीम 24 X 7 समुचित कार्रवाई कर रही है तथा प्रभावित क्षेत्रों के नौ (9) किलोमीटर के दायरे को सर्विलांस जोन में रख कर तीन माह तक सतत निगरानी भी की जाती रहेगी। कार्य के दौरान पशुचिकित्सकों में इन बीमारियों से ग्रसित होने की आशंका हमेशा बनी रहती है।

अतः निवदेन है कि सभी पशुचिकित्सालयों पर पर्याप्त मात्रा में PPE Kit, N - 95 मास्क, थर्मल स्कैनर, हैण्ड सैनिटाइजर आदि उपलब्ध कराते हुए सभी पशुचिकित्सकों एवं उनके सहयोगियों को " कोरोना वॉरियर्स " के तर्ज पर रुपये 50 लाख का स्पेशल इंश्योरंस स्कीम प्रदान [redacted] करने की कृपा की जाय।

सधन्यवाद।

विश्वासभाजन
Mukta

(डा० विनोद कुमार मुक्ता)
प्रधान महासचिव